[This question paper contains 7 printed pages.]

**5853** *Your Roll No.* ............

**LL.B. / IV Term** **C**

Paper – LB-4032 : LABOUR LAW – II

*Time: 3 Hours* *Maximum Marks: 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note : Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :– इस प्रश्न–पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt any* **five** *questions.*
*Each question carries* **20** *marks.*

*कुल* **पाँच** *प्रश्नों उत्तर लिखिए।*
*प्रत्येक प्रश्न के* **20** *अंक हैं।*

1. Write short notes on any **two** of the following :

(a) Section 10(4) of the Industrial Disputes Act, 1947

(b) Protected Workman

(c) Interim award and Interim relief (10×2=20)

निम्नलिखिन में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए :

(क) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 10(4)

(ख) संरक्षित कर्मकार

(ग) अंनरिम अधिनिर्णय एवं अंनरिम अनुतोष

2. Are Labour Tribunals amenable to the appellate jurisdiction of Supreme Court under Article 136 of the Constitution? What is the difference, if any, between Labour Tribunals and ordinary courts of law? (20)

क्या श्रम अधिकरण संविधान के अनुच्छेद 136 के अन्तर्गत उच्चनम न्यायालय के अपीलीय क्षेत्राधिकार से बाध्य है ? श्रम अधिकरणो एवं विधि के सामान्य न्यायालयों में क्या अन्तर, यदि कोई है, है ?

3. (a) Can a reference be made by the government under section 12(5) independently of section 10(1) of the Act? (10)

(b) Certain disputes between M/S ABC & Co and its workmen were referred on 5.05.2011. The Tribunal sent its award to the government on 03.09.2011. Before the award could be published within the stipulated time period under the Act, the parties to the dispute came to a settlement on 30.09.2011. By a written application they requested the government not to publish the award. The government expressed its inability to withhold publication owing to the mandatory nature of section 17 of the Act. Decide in light of decided cases. (10)

(क) क्या सरकार, अधिनियम की धारा 10(1) से स्वतन्त्र रूप से, धारा 12(5) के अन्तर्गत एक निर्देश कर सकती है ?

(ख) मैसर्स ABC तथा इसके कर्मकारों के बीच में कुछ वादों का 05.05.2011 निर्देशित किया गया । अधिकरण ने अपना अधिनिर्णय 03.09.2011 को सरकार के पास भेजा । अधिनियम के अन्तर्गत दिए गए अधिनिर्णय के प्रकाशन से पहले ही, वाद के पक्षकारों के मध्य 30.09.2011 को समझौता हो गया । एक लिखित याचिका से उन्होंने सरकार से अधिनिर्णय को प्रकाशित न करने की प्रार्थना की । अधिनियम की धारा 17 के अधीन अनिवार्य प्रकृति होने के

हवाला देते हुए प्रकाशन को रोकने में असमर्थता जाहिर की। निर्णीत वादों के आलोक में निर्णय कीजिए।

4. Discuss briefly the Machinery for settlement of industrial disputes provided under the Industrial Disputes Act, 1947. (20)

औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 द्वारा दी गई औद्योगिक विवाद समझौते के लिए प्रणाली की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए।

5. "In case where industrial dispute is raised on the ground of dismissal and it is referred to the tribunal for adjudication, the Tribunal naturally wants to know whether the impugned dismissal was proceeded by a proper enquiry or not. Where such proper enquiry has been held in accordance with the relevant provisions of standing order and it does not appear that the employer is guilty of victimisation or any unfair labour practice, that tribunal is generally reluctant to interfere with the impugned order."

Critically examine the above observation reflecting the correct legal position on the subject as of today. (20)

जहां पर औद्योगिक विवाद बर्खास्तगी के आधार पर उठाया गया हो तथा इसके न्यायनिर्णयन के लिए अधिकरण को निर्दिष्ट किया गया हो, अधिकरण सामान्यत: यह जानना चाहता है कि संदेहात्मक बर्खास्तगी उचित पड़ताल के बाद हुई है कि नहीं। जहां पर स्थायी आदेश के सुसंगत प्रावधानों के अनुसार उक्त उचित पड़ताल की गई हो तथा यह नहीं जान पड़ता कि नियोक्ता अत्याचार या अनुचित श्रम आचरण का दोषी नहीं है, जिससे कि अधिकरण सामान्यता संदिग्ध आदेश में हस्तक्षेप नहीं करता।"

उपरोक्त टिप्पणी आज के विषय में सही विधि अवधारणा को दर्शाते हुए आलोचनात्मक व्याख्या करें।

6. Distinguish b/w minimum wage, fair wage and living wage. "No Industry has a right to exist unless it is able to pay its workmen atleast a bare minimum wage." Discuss in the light of M S Crown Aluminium Works v. Their Workmen AIR 1958 SC 30. (20)

न्यूनतम मजदूरी, उचित मजदूरी तथा निर्वाह मजदूरी में अन्तर कीजिए। "किसी भी उद्योग को बने रहने का कोई अधिकार नहीं है जबकि वह अपने कर्मकारों को कम से कम केवल न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करने में असमर्थ है।" मैसर्स क्राउन एल्युमिनियम वर्क्स बनाम देयर वर्कमैन के आलोक में विवेचन कीजिए।

7. "A departmental proceeding pending a criminal proceedings does not warrant an automatic stay." Elucidate with the help of case laws. Also discuss the application of principles of natural justice required to be followed in case of domestic enquiry. (20)

"अपराधिक कार्यवाही, एक लम्बित विभागीय कार्यवाही स्वत: स्थगन का अधिकार नहीं देना है।" वाद विधि की सहायता से स्पष्ट कीजिए। आन्तरिक पड़ताल के बाद में नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्तों का पालन करने की भी व्याख्या कीजिए।

8. (a) Raghu was employed by the forest department of Maharashtra as one of the members of the team for cleaning jungles and reclaiming land. After eight months of his job he was diagnosed with asthma which the doctors believed to be a result of his repeated exposure to 'congress grass', locally known as 'gajar ghams'. Can Raghu claim compensation under the Employees Compensation Act..... Decide. (10)

(b) A bus was on the last trip for the day. Some assailants entered the bus, sprayed chilli powder on the passengers and shot the conductor dead.

Can this be termed as an injury arising out of and in the course of employment. Discuss the scope of compensation. (10)

(क) रघु, महाराष्ट्र के वन विभाग के एक समूह के सदस्य के रूप में, जो जंगलों की सफाई एवं भूमि सुधार का कार्य करती है, में नियुक्ति हुई। अपनी नौकरी के आठ महीने बाद वह दमे की बीमारी का रोगी पाया गया, चिकित्सकों को यह विश्वास था कि यह "कांग्रेस घास" जोकि स्थानीय रूप से 'गाजर घास' के नाम से जाना है, के बार-बार नजदीक जाने की वजह से हुई है। कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम के अन्तर्गत क्या रघु क्षतिपूर्ति का दावा कर सकता है। निश्चय कीजिए।

(ख) एक बस दिन के अन्तिम चक्र पर थी जब कुछ आक्रमणकारी बस में चढ़े, यात्रियों पर मिर्ची चुर्ण फैला दिया तथा परिचालक को गोली से मार गिराया। क्या इस क्षति को नियोजन के बाहर या के दौरान समझा जा सकता है।"

क्षतिपूर्ति के विस्तार की विवेचना कीजिए।